## खबर संक्षेप

### नौजवान कमेटी ने किया इफ्तार-ए-आम का प्रोग्राम

**शहडोल।** ईदगाह सोहागपुर में नौजवान कमेटी की तरफ इस वर्ष भी अल्लाह की फजल से नौजवान कमेटी की जानिब से इफ्तार आम का प्रोग्राम रखा गया है और यह प्रोग्राम 19 मार्च बरोज बुधवार को रखा गया, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी औरतों का इफ्तार का भी प्रोग्राम भी रखा गया , औरतो का इफ्तार मौलाना आजाद स्कूल में हुआ एवं आदमियों के इफ्तार का इंतजाम जिला न्यायालय के बगल में स्थित पाली रोड सोहागपुर में ईदगाह में हुआ।

### कमिश्नर ने फुटबॉल मैदान विचारपुर का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, आईजी अनुराग शर्मा, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने एवं पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने आज जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम विचारपुर फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया तथा फुटबॉल खिलाडियों से मुलाकात की तथा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह वर्धन किया। साथ ही कमिश्नर ने फुटबॉल मैदान का निरीक्षण कर अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सहायक संचालक खेल लोक शिक्षण शिक्षा विभाग रईस अहमद,कोच लक्ष्मी, नरेश कुंड, अनिल सिंह, शंकर दहिया, सीताराम एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अजय कुमार सोंधिया एवं दयानंद सोंधिया सहित फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित थे।

### खतौली घाट में डूबने से जीजा और साली की दर्दनाक मौत

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के समीप ग्राम खतौली से गुजरने वाली सोन नदी में बुधवार को पिकनिक मनाने गए शहर के प्रतिष्ठित भुईया हलवाई परिवार के दो लोग पानी में डूब गए, उनकी वहीं मौत हो गई। घटना बुधवार के शाम लगभग 5:30 की बताई गई है, इस संदर्भ में थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि घटनाकरित होने के बाद इसकी सूचना मिली थी और तत्काल ही स्टाफ साथ मौके पर पहुंच, जांच शुरू कर दी, दोनों लाशे गहरे पानी में नीचे चली गई थी, जिसके लिए रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है, रेस्क्यू टीम पिछले कुछ घंटे से लाश को गहरे पानी से निकलने के लिए प्रयासरत है, हालांकि अभी तक दोनों की लाशें बाहर नहीं आई थी, बताया गया कि सागर गुप्ता उम्र 34 वर्ष तथा उसकी साली ईशा गुप्ता उम्र 20 वर्ष दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई है।

### कार्रवाई के नाम पर चल रहा सीईओ का पत्राचार

# दबाव पर अधूरा प्रभार सौंपा, जरूरी दस्तावेज नहीं दिए

**शहडोल।** जिले के गोहपारू जनपद की ग्राम पंचायत खन्नौधी का पूर्व सचिव प्रशासनिक ढिलाई और अफसरों की गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली का एक उदाहरण बन कर रह गया है। इसके द्वारा किए गए भ्रष्ट कारनामों की शिकायत होने के बाद महीनों पहले इसके विरुद्ध न केवल जांच चालू करने के निर्देश दिए गए थे, बल्कि इसका खन्नौधी पंचायत से प्रभार छीन कर इसे अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया था। लेकिन आज तक पूर्व सचिव ने नए सचिव को न तो पूर्ण रूप से प्रभार दिया और न जांच के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराए। इस संबंध में नए सचिव ने सीईओ गोहपारू के संज्ञान में लाते हुए 10 विंदुओ की लिखित जानकारी दी है और बताया है कि जिन विन्दुओ की शिकायत की गई है उससे संबंधित कोई भी दस्तावेज उसे नहीं दिए गए हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि पूर्व सचिव अवधेश कुशवाहा प्रशासन को मानो दादागिरी दिखाकर नौकरी कर रहा है। जबकि जनपद सीईओ गोहपारू आज तक केवल इसके विरुद्ध पत्राचार कर सीईओ जिला पंचायत को जानकारी ही दे रहे हैं। वे इस संदर्भ में कई बार पत्राचार कर चुके हैं। ज्ञातव्य है कि खन्नौधी पंचायत का विकास लगभग ठप्प पड़ चुका है। ग्रामीण काफी परेशान हैं।

### दबाए बैठा दस्तावेज

पूर्व सचिव अवधेश कुशवाहा महीनों से शिकायत के दस्तावेज और प्रभार के मामले में मनमानी कर रहा है। सीईओ को जानकारी दी गई है कि माध्यमिक शाला खन्नौधी के शौचालय निर्माण कार्य की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति संबंधी नस्ती, माप पुस्तिका तथा




उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रभार में नहीं सौंपे गए हैं। रामसागर तालाब के पास चबूतरा निर्माण कार्य का तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति की नस्ती व माप पुस्तिका नहीं दी गई। पंचायत भवन के पास कूप मरम्मत निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति एवं भुगतान विल व्हाउचर संबंधी नस्ती नहीं दी गई। संभवतः यह सभी दस्तावेज शिकयतों पर जांच के दायरे में हैं।

### रसीद व व्हाउचर नहीं दिया

शिकायत में लेख किया गया है कि हनुमनहा तालाब के पास महुआ पेड़ ठेकेदारों को ठेके में देने पर प्राप्त की राशि की रसीद उपलब्ध नहीं कराई गई है। ग्रामपंचायत की अधिसूचना के समय साप्ताहिक बाजार की 15 सप्ताह बैठकी वसूली की राशि की रसीद प्रभार में नहीं दी गईं हैं। ग्रामपंचायत अंतर्गत शासकीय शराब की ठेकेदार को जारी की गई नोटिस तामीली एवं प्रतिलिपि की कापी नस्ती प्रभार में नहीं दी गई। पीसीसी सडक़ निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य की माप पुस्तिका एवं उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रभार में नहीं दिया गया है। साप्ताहिक बाजार स्थल में मुख्य मुरुम कार्य का तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति नस्ती एंव माप पुस्तिका उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रभार सूची में शामिल नहीं किया गया है।

### कुछ सामग्रियां भी नहीं मिलीं

पूर्व सचिव श्री कुशवाहा द्वारा कार्यालयीन कार्य हेतु खरीदा गया लेपटाप तथा लेपटाप डिवाइस व प्रचार-प्रसार के लिए क्रय किया गया स्पीकर प्रभार में नहीं दिया गया। यह जानकारी नवागत सचिव प्यारेलाल द्वारा सीईओ को दी गई और उनसे वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। ज्ञातव्य है कि इन जरूरी दस्तावेजों को छिपाने के कारण जांच दल का जांच कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। सीईओ ने लेख किया है कि श्री कुशवाहा द्वारा शासकीय कर्तव्यों में उदासीनता एवं लापरवाही की गई है। जिनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी आवश्यक है। ज्ञातव्य है कि पूर्व सचिव की मनमानी महीनों से चल रही है और महीनो से केवल इसी तरह की लिखा पढ़ी चल रही है, लेकिन सचिव पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव से अधिकारी कड़े उपाय करते हुए भी दस्तावेज हासिल कर सकते हैं।

## तेज रफ्तार पिकअप-ट्रक में घुसा, दो की मौत



### पिकअप के ट्रायर फटने से हुआ हादसा

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के बघेल ढाबा के पास सडक़ हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तेज रफ्तार पिकअप का टायर फटने से वह ट्रक से टकरा गई। पिकअप में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना में पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला। खबर है कि बुढ़ार से शहडोल की ओर से पिकअप आ रही थी, जिसमें मुर्गियां लोड थीं। इस दौरान शहडोल-बुढ़ार हाईवे पर बघेल ढाबा के पास तेज रफ्तार पिकअप का टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और शहडोल से बुढ़ार की ओर जा रहे ट्रक से टकरा गया। पिकअप में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि पिकअप के टकराने से ट्रक भी क्षतिग्रस्त हुआ, जिससे चालक और परिचालक को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि पिकअप का टायर फटने के कारण यह हादसा हुआ। घटना में पिकअप चालक, ट्रक चालक और परिचालक बुरी तरह से जख्मी हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिकअप में सवार दो युवकों की मौत हो गई, जिनके शवों को निकालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

## हाइवे से सटे मकान के किचन में लगी भीषण आग



**शहडोल।** जिले के धनपुरी नगरपालिका अंतर्गत रीवा स्टेट हाइवे पर स्थित आशीष सोनी के मकान के किचन में अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग इतनी भयावह रूप धारण कर ली, जब तक घर के लोग कुछ समझ पतो, तब तक आग ने पूरे किचन को अपने जद में ले लिया था, जैसे आग लगने की जानकारी घर की महिलाओं और बच्चों को लगी, तत्काल सभी ने मौके से भागकर खुद की जान बचाई, सडक़ के किनारे आग लगने की खबर नगर में आग की तरह फैल गई और लोगो का हुजूम इक_ा हो गया और जैसे ही लोगो को पता लगा कि जिस किचन में आग लगी, वहां सिलेंडर रखा हुआ है, वह कभी भी ब्लास्ट हो सकता है , उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, स्टेट हाइवे के किनारे मकान में आग लगने से स्टेट हाइवे में जाम की स्थित निर्मित हो गई और दोनों ओर वाहनों का जमावड़ा भी लग गया था, हालांकि मौके पर पहुंच धनपुरी पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए धनपुरी नगरपालिका की दमकल की गाडिय़ों की मदद से आग पर काबू पा लिया।

## हॉफ रही डायल 100, क्षमता से दोगुना दौड़ चुकीं गाड़ियां



**शहडोल।** अपराध, हादसे और आपदा में लोगों को तत्काल मदद पहुंचाने के लिए शुरू की गई फस्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) डायल 100 पटरी से उतर चुकी है। शहरों में महज 5 और गांवों में अधिकतम 30 मिनट में पुलिस पहुंचने के दावे अब सिर्फ कागजों पर हैं। पुलिस जिन डॉयल-100 वाहनों के भरोसे शहर के अपराधियों को पकडऩे में सक्रिय रहती है। वही गाडिय़ाँ इन दिनों भगवान भरोसे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अधिकांश वाहनों के चके पूरी तरह से घिस चुके हैं, तो कई के इंजन तक अब जवाब देने लगे हैं। जानकारों की मानें तो अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से डॉयल-100 वाहनों का संचालन 1 नवम्बर 2015 से प्रारंभ किया गया था। कोतवाली में लगा 100 डॉयल वर्तमान में हॉफ रहा है, किसी भी दिन उसकी सांसे उखड़ सकती हैं।

### फर्जी कॉल्स भी बने मुसीबत

विभिन्न थानों में संलग्न इन डॉयल-100 वाहनों को हर महीने 10 से 12 फर्जी कॉल्स भी लगातार आते हैं। इतना ही नहीं एक साथ 2-3 वारदातों के घटित होने पर किसी एक जगह पर ये वाहन अगर समय पर नहीं पहुँचते हैं, तो लोग ड्राइवर एवं पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज भी करने लगते हैं। इस तरह तकनीकी खराबियों एवं जनता के रोष जैसी दोहरी समस्याएँ डॉयल-100 में तैनात अमले को झेलनी पड़ रही हैं।

### कंडम हो चुका डॉयल 100

मुसीबत के समय मदद पहुंचाने वाली डायल 100 के गाडिय़ों की हालत इतनी खराब है कि उन्हें सडक़ों पर चलाना खतरे से खाली नहीं है। पुलिस विभाग ने इनका इस्तेमाल क्षमता से दो गुना कर लिया है। 2015 में डायल 100 का संचालन शुरू किया गया था। डायल 100 गाडिय़ो का दम निकल चुका है। जुगाड़ से पुलिस विभाग इन वाहनों को चला रहा है। पुलिस विभाग में प्रत्येक फोरव्हीलर वाहनों को 2 लाख किमी तक चलाया जाता है। इसके बाद इनको कंडम घोषित करके हटा दिया जाता है, लेकिन डॉयल 100 इससे कहीं अधिक दौड़ चुकी है, लेकिन अब इन्हें कंडम घोषित नहीं किया गया है।

## मानवता की मिसालः सडक़ पर तड़प रही बुजुर्ग को पहुंचाया अस्पताल



**शहडोल।** जिला मुख्यालय से सटे सिंहपुर रोड पोंडा नाला के पास मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां सुशीला पनिका नामक बुजुर्ग महिला नाली में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उम्र अधिक होने और आंखों की रोशनी कमजोर होने के कारण वह सडक़ किनारे नाली में गिर गई, जिससे उनके सिर पर गहरी चोट लग गई। दर्द से तड़पती महिला की हालत देख स्थानीय लोगों में हडक़ंप मच गया, लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। इसी बीच क्षेत्र के समाजसेवी पार्षद सिल्लू रजक और अर्जुन यादव को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बिना समय गवाएं 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया। एंबुलेंस पहुंचने तक दोनों घायल महिला के पास रुके और उनकी देखभाल करते रहे। कुछ ही देर में जब एंबुलेंस पहुँची, तो उन्होंने खुद महिला को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत बुजुर्ग महिला का उपचार शुरू किया। सिर पर गंभीर चोट को देखते हुए उन्हें निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचाने से उनकी जान बच गई, लेकिन पूरी तरह स्वस्थ होने में कुछ समय लगेगा। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पार्षदों की तत्परता और मानवता की सराहना की। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह जनप्रतिनिधि आम जनता की मदद के लिए तत्पर रहें, तो समाज में किसी भी पीड़ित को अनदेखी का शिकार नहीं होना पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सिंहपुर रोड और पोंडा नाला के आस-पास सुरक्षा के इंतजाम किए जाए। अंधेरे और असुविधाजनक रास्तों के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा बैरिकेड्स लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## शासकीय चिकित्सालयों में एंटी रेबीज वैक्सीन खत्म



### मरीजों को बाहर से खरीदने पड़ रहे इंजेक्शन

**शहडोल।** शासकीय चिकित्सालयों के माध्यम से सरकार हर जरुरतमंद को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर साल करोड़ों रुपए का बजट खर्च कर रही है, लेकिन इसके बावजूद भी आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। जिले के बुढार ब्लाक के सरईकांपा निवासी गणेश नापित ने बताया कि अपनी रोजी रोटी के लिए घर से सैलून जा रहे थे, तीन दिन पहले एक आवारा कुत्ता हमला कर उन्हें घायल कर दिया, कुत्ते के काटने का शिकार हुए गणेश एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य बुढार पहुंचे, जहां अस्पताल में लंबे समय से एंटी रैबीज का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था ,जिससे निराश गणेश को निजी अस्पताल में जाना पड़ा, पीड़ित को प्राइवेट अस्पताल में इस टीके के लिए 350 रुपए अदा कर पहला डोज लगवाया जबकि अभी दो डोज और लगवाना है।

### बढ़ती जा रही संख्या

गर्मी के साथ ही आवारा कुत्तों का कहर बढ़ गया है। सरकारी अस्पतालों में कुत्तों के शिकार मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। शहर व जिले में आवारा कुत्तों की समस्या दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। कुत्तों के काटने के बाद एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पतालों में पहुंचने वालों की बढ़ती संख्या से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर हालात क्या हैं। जिले के धनपुरी, बुढ़ार सहित अन्य प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हैं। वहीं ब्यौहारी व बुढार ब्लाक में सबसे ज्यादा डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे है।

### इनका कहना है...

हमको ऊपर से ही रेबीज के इंजेक्शन नहीं मिल रहे, जिसके लिए हम रोज डिमांड कर रहे है, यदि 250 की मांग कर रहे है तो 5 या 10 ही मिल रहा।

**डॉ. शैली जैन**
**बीएमओ, बुढ़ार**

रेबीज के इंजेक्शन भोपाल से भेजते है ,हमने ब्यौहारी और बुढ़ार को बोला है कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से लोकल स्तर से क्रय कर मरीजों को इंजेक्शन लगाय।

**डॉ. राजेश मिश्रा**
**सीएमएचओ, शहडोल**



## 519 नग नशीली इंजेक्शन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश दिया जा रहा है, इसी क्रम मे कोतवाली पुलिस को नशे के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करने मे सफलता प्राप्त हुई है। 19 मार्च को कोतवाली पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति भोपाल से शहडोल आने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन से नशीली इंजेक्शन बिक्री करने के लिये शहडोल ला रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा शहडोल स्टेशन पहुंचे, जहां दोबारा मुखबिर सुचना मिली कि उक्त व्यक्ति भारती पैलेस होकर पुरानी बस्ती जा रहा है। जिस पर पुलिस अण्डर ब्रिज के पास पुरानी बस्ती पहुंचा जहां तीन व्यक्ति जाते दिखे जो पुलिस को आता देखकर भागने लगे, जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम कृश प्रताप सिंह उर्फ जय पिता कुंवर प्रताप सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अमरहा, पृथ्वी पटेल पिता सुशील पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती एवं बालकेश सिंह गोंड पिता सोनू सिंह गोंड उम्र 19 वर्ष निवासी लखवरिया हाल पुरानी बस्ती शहडोल का होना बताया। आरोपियों के पास से 519 नशीली इंजेक्शन एवं 03 मोबाइल को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध एन.डी.पी.एस. एक्ट एवं म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही कोतवली प्रभारी राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक रजनीश तिवारी, रामराज पाण्डेय, प्रधान आरक्षक उमेश तिवारी, जान सिंह, दिनेश प्रसाद केवट, महेंद्र पाल, हीरा सिंह, आरक्षक महेश पाठक एवं आलोक मिंज की भूमिका रही है।



## खबर संक्षेप

### लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र 1 अप्रैल से 15 जून तक चलेगा

**उमरिया ।** प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला प्रकाश व्दिवेदी ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र 1 अप्रैल से 15 जून तक चलेगा, इसके लिए आवेदन 26 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में जमा किए जा सकते है । प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्ग कर्मचारी शामिल हो सकेगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या उससे अधिक हो । मप्र शासन वित्त विभाग के नवीन विभागीय परीक्षाओ की व्यवस्थाओ विषयक अनुसार पात्र हो। लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृध्दि के संबंध में शासन व्दारा समय समय पर जारी नियम, निर्देश मान्य होगे ।

### 21 मार्च को रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में संगम रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी अंबिकेश प्रताप सिंह ने बताया कि रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन उमरिया में 21 मार्च को संगम रोजगार मेले का आयोजन प्रातः10.30 बजे से किया गया है । मेले में एलआईसी उमरिया, रिलाइंस निप्पन, प्रगतिशील बायोटेक, ग्रेट आग्रेनिक , डायमंड प्राइवेट लिमिटेड, आईटीआई उमरिया, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा वर्धमान मंडीदीप भोपाल की कंपनी भाग लेगी।

### 21 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कार्यक्रम

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस.परिहार ने बताया कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों प्रति जागरूक करने हेतु जिला स्तर पर मंगल भवन उमरिया में 21 मार्च को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम में विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी । उपभोक्ताओं को जागरूक किए जाने के उददेश्य से जागरूकता कार्यक्रम यथा कठपुतली, नुक्कड नाटक, जागरूकता संगोष्ठी , कार्यशाला, प्रदर्शनी आदि आयोजित कर अवगत कराया जाएगा ।

### कृष्ण कुमार तिवारी को मिली ग्रेच्युटी की राशि



**उमरिया।** सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया कि बी.एस.बी कालोनी बिरसिंहपुर पाली द्वारा आर. के. शुक्ला एसोसिएट एवं मुख्य अभियंता संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर के विरूद्ध ग्रेच्युटी राशि नही दिए जाने पर न्यायालय नियंत्रण प्राधिकारी उपादान भुगतान अधिनियम श्रम विभाग उमरिया में ग्रेच्युटी प्राप्त करने हेतु आनलाइन आवेदन किया गया था । प्रकरण पर नियंत्रण प्राधिकारी आर के गुप्ता द्वारा सुनवाई करते हुए आवेदक कृष्ण कुमार तिवारी को ग्रेच्युटी की राशि पाने के लिए पात्र पाते हुए राशि भुगतान के लिए आदेश जारी कर 30 दिवस के भीतर भुगतान करने के लिए आदेशित किया गया। विगत 18 मार्च को अनावेदक पक्ष द्वारा न्यायालय नियंत्रण प्राधिकारी उमरिया में आदेशित राशि का चेक जमा कराते हुए कृष्ण कुमार तिवारी को चेक सौंपा गया।

### बदरा पयारी के बीच वाहनों में पथराव से घबराये चालक

**कोतमा।** होली त्यौहार को लेकर हाईवे रोड फुनगा चौकी अंतर्गत बदरा और पयारी के बीच मुसवा टोला के आसपास पिछले दो-तीन दिनों से रात के अंधेरे में आने जाने वाले वाहनों पर असामाजिक तत्वों के द्वारा पत्थर बरसाया जा रहा है। अंधेरे में हाईवे में पथराव होने को लेकर वाहन चालकों के द्वारा घबराहट में वहां पर गाड़ी बिना रोक आगे बढ़ जा रहे हैं। ऐसे ही एक चार पहिया वाहन में पत्थरबाजी करते हुए लाइट फोड़ने के साथ वाहन को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर विपिन द्वारा जानकारी पुलिस एवं स्थानीय लोगों को दी गई है। उक्त मामले को लेकर चौकी में पूछे जाने पर पुलिस ने किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आने की बात कह रही है।

## शाहपुर में छह गांवों के बीच पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए हुई लोक जनसुनवाई

# जेएसडब्ल्यू भूमिगत खदान में 652 करोड़ रूपये करेगी निवेश



**कोयला खदान प्रारंभ होने तक 580 लोगों को मिलेगा स्थाई रोजगार**
**प्रभावित ग्रामीणों ने सुनाई समस्याएं, कंपनी ने विकास का दिया भरोसा**



**उमरिया।** भारत सरकार द्वारा जिले में कोल ब्लॉक आबंटित किए गए हैं जिनमें मेसर्स जे एस डब्ल्यू सीमेंट को मारवा टोला (छह)भूमिगत कोयला खदान शामिल है । मेसर्स जे एस डब्ल्यू मारवाटोला भूमिगत खदान में कंपनी 652 करोड़ रूपये निवेश करेगी । कोयला खदान प्रारंभ होने तक 580 लोगों को स्थाई रोजगार मिलेगा। यह जानकारी कंपनी के डायरेक्टर मनोज रूस्तगी ने गत दिवस पाली तहसील के ग्राम शाहपुर में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम एवं क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी शहडोल मुकेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयोजित पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक जनसुनवाई के दौरान दी ।

### लोगों के उत्थान के प्रयास

भारत सरकार के कोयला मंत्रालय व्दारा एवं राज्य सरकार व्दारा लोगों को रोजगार, आर्थिक उन्नतीकरण, और जनजातीय समुदाय के उत्थान के प्रयास के तहत उमरिया जिले में कोल ब्लाकों के स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है । जिले में मेसर्स जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड के द्वारा प्रस्तावित मरवाटोला 6 की भूमिगत कोयला खदान को लेकर प्रभावित छह गांवों मालाचुआ, शाहपुर, ब्लॉक पडऱी, बंधवाबारा, खोलखम्हरा, एवं रौगढ़ के ग्रामीणों के बीच मंगलवार को ग्राम शाहपुर में लोक जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य रूप से एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, तहसीलदार डी.एस.मरावी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस , नगर निरीक्षक पाली, जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज रस्तगी, कोलमाइन हेड सी.पी.तिवारी एवं इनवायरमेंट हेड अरविंद शर्मा, कंसलटेंट विनय खंडेलवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार, आम जन , युवा, व्यापारी मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी के कार्य को सराहा

जनसुनवाई में आम जन द्वारा जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल , आवागमन मार्ग, खेल सुविधाएं , पर्यावरण विकास आदि से संबंधित मुद्दे उठाये गये । कंपनी के संचालक मनोज रस्तगी ने बताया कि कंपनी द्वारा जब काम की शुरूआत की जाएगी, उस दौरान कोल खनन के साथ ही स्थानीय विकास को भी महत्व दिया जाएगा। जिन ग्रामों में कोयला खनन का कार्य किया जाना है, उन ग्रामों में जल संरक्षण , वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि से संबंधित इंडेस्क का अध्ययन किया गया है। कोयला ब्लाक का क्षेत्र 763 हेक्टेयर है जिसमें प्रशासनिक भवन , कालोनी, क्वार्टर तथा कोयला संग्रहण आदि का क्षेत्र भी शामिल है । यह खदान भूमिगत होगी । स्थाई रोजगार के अतिरिक्त अन्य रोजगार भी सृजित होंगे, जिनमें परिवहन, स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति , वर्कशाप आदि शामिल है। यह कंपनी स्टील उत्पादन , ऊर्जा , सीमेंट उत्पादन , समुद्री अधोसंरचना कार्य तथा रक्षा के क्षेत्र में सभी कार्य कर रही है । राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी के कार्य को सराहा गया है तथा अनेको पुरस्कार भी मिले है ।

कंपनी के परियोजना प्रबंधक सी.पी.तिवारी ने बताया कि उत्पादन प्रारंभ होने के पूर्व प्रभावित ग्रामों में सीएसआर मद सौर उर्जा स्ट्रीट लाईट , तालाब गहरीकरण, आम जन के स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र शिविर के कार्य शामिल है । लोक सुनवाई के दौरान ग्राम रौगढ़ से आई दीपा सिंह एवं सुजीत सिंह ने जल, जंगल एवं जमीन के प्रभावित होने का मुद्दा उठाया एवं पेयजल एवं रोजगार की मांग की। इसके अलावा पूर्व जनपद सदस्य मनोज मिश्रा ने स्थानीय व्यक्ति को रोजगार, कृषि सिंचाई, स्वास्थ्य सुविधा, उन्नत शिक्षा और गांवों के विकास की बात कही, खोलखम्हरा निवासी हरिओम मेहरा, ग्राम शाहपुर निवासी विकास गुप्ता, हर्ष द्विवेदी ने भी ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए जेएसडब्लू सीमेंट कंपनी से अपनी मांग रखी।

### मांगों का होगा निदान

जनपद पंचायत पाली के उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कंपनी का विरोध करने वालों से अपील की है कि प्रधानमंत्री गांवों का विकास चाहते हैं और आर्थिक उन्नतीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और यही वजह है कि बड़े-बड़े उद्योगपति गांवों की ओर रुख कर रहे हैं, इससे ग्राम का सर्वांगीण विकास होगा , लोक सुनवाई में मालाचुआ निवासी दलबीर सिंह,रामसुशील मिश्रा शाहपुर, रविकांत द्विवेदी शाहपुर,अनुसुइया नामदेव बंधवाबारा, जयश्री बैगा ग्राम खोलखम्हरा, प्रभात अवस्थी, संदीप नारायण मिश्रा शाहपुर, सुरेंद्र मिश्रा शाहपुर, दीपक साहू खोलखम्हरा, धन्नू लाल प्रजापति मालाचुआ, कमल मिश्रा शाहपुर, शाहपुर ग्राम पंचायत के सरपंच कारेलाल बैगा ने परियोजना का समर्थन करते हुए विकास के लिए अपनी बात रखी। आखिरी में कंपनी के कार्यकारी निदेशक मनोज रस्तोगी ने सभी ग्रामीणों की मांगों का उचित और नियमानुसार निदान किए जाने का भरोसा दिया।

### स्थानीय लोगों को रोजगार पहली प्राथमिकता

जे. एस. डब्ल्यू कंपनी की ओर से मनोज रस्तोगी एक्जीक्यूटिव निदेशक ने जन सुनवाई में उठी मांगों को लेकर बड़े ही साफ गोई से कहा कि कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार से जोडऩे की हमारी पहली प्राथमिकता होगी, जो लोग कंपनी के काम के अनुकुल नहीं होंगे, उन्हें प्रशिक्षित कर उन्हें कंपनी के प्रतिकूल बना के रोजगार उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास होगा। मनोज रस्तोगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम स्थानीय महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से प्रशिक्षित कर रोजगार से जोडऩे का काम किया जायेगा। महिलाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए सिलाई-कढ़ाई ,हेंडी क्राफ्ट, स्थानीय उपार्जन एवं मूल्य संवर्धन कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम शुरू किया जायेगा।

## बांधवगढ़ में जीरो फायर मिशन 2.0 प्रारंभ

# जूनियर फायर वाचर करेंगे आगजनी की घटनाओं की रोकथाम में मदद





**उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गर्मी के मौसम में जंगल में लगने वाली भीषण आग को रोकने में अब गांव के जूनियर फायर वाचर अब बड़ी भूमिका निभाएंगे। पार्क के जंगल में आग की घटनाओं को रोकने और उन्हें शून्य के स्तर पर ले जाने के लिए प्रबंधन द्वारा जीरो फायर मिशन अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत 19 मार्च को स्कूली छात्रों के बीच रैली एवं जागरूकता अभियान का आयोजन कर किया गया । इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल ताला के दो सौ से अधिक छात्रों ने पार्क के अधिकारियों के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण से रैली निकाली गई । रैली के माध्यम से वन्य जीव सरंक्षण तथा आग की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। ग्राम ताला स्थित टाइगर रिजर्व के ओपन एयर थियेटर में रैली का समापन किया गया। पार्क के अधिकारियों ने छात्रों को वन्य जीव,प्रकृति और पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी, इसके अलावा स्कूली छात्रों को जंगल में आग से पर्यावरण को होने वाले नकारात्मक प्रभावों के विषय में जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान पार्क के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय,संयुक्त संचालक पीके वर्मा सहित समस्त एसडीओ वन परिक्षेत्राधिकारी विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।



## रंगपंचमीं पर दिव्यांग जरूरतमंदों को वितरण किया खुशियों से भरा पैकेट

**उमरिया।** रंगपंचमी के पावन पर्व पर पाली पुलिस व युवा टीम उमरिया द्वारा पहल खुशी के तहत जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों के बस्तियों में पहुंचकर दिव्यांग एवं जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी,प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे के सहयोग से 5 परिवारों को खुशियों से भरा सूखा राशन पैकेट प्रदान किया गया। पैकेट में चावल, दाल,साबुन,हल्दी,नमक,मिर्च,तेल, बिस्किट,फल व आदि वितरण किया गया। पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी उद्देश्य के साथ लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरण कर खुशी देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने ऐसे पांच जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर राशन प्रदान किया जा रहा है। प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि विभिन्न जरूरतमंद, दिव्यांग व वृद्ध जनों को चिन्हित कर प्रत्येक माह सखा राशन प्रदान कर कुछ पल की खुशियां देने का प्रयास किया जा रहा है।जरूरतमंद इंसान की सेवा सबसे उत्तम है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया कि छोटा सा प्रयास हमारा खुशियों से खिल उठे जहान सारा अभियान के तहत जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन प्रदान किया जाता है। उसी के तहत पाली नगर के दिव्यांग एवं जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन प्रदान किया गया।इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ,प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,युवा हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, एवं सभी उपस्थित रहे।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 17 हजार का जुर्माना

**कोतमा। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा सभी थाना प्रभारी को कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। भालूमाडा थाना प्रभारी संजय खलको द्वारा अभियान चलाते हुए पांच वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग के दौरान शराब पीना पाया गया।**

सभी वाहनों को जप्त करते हुए चालकों के मेडिकल एवं अन्य कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दो वाहन चालकों के खिलाफ 17_17 हजार रुपए जुर्माना के दंड से दंडित किया गया। दो वाहन चालकों का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। त्योहार को लेकर पुलिस के द्वारा प्रतिदिन थाना क्षेत्र में पॉइंट लगाकर वाहन चालकों को समझाइस देते हुए कार्यवाही भी कर रही है। बदरा तिराहा, केवाई पुल, हाइवे रोड सहित अन्य जगहों पर पेट्रोलिंग करने के साथ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कार्यवाही थाना प्रभारी संजय खलको, एसआई अनुराग अवस्थी, विनोद द्विवेदी, अरविंद राय शामिल रहे।

## कुपोषित बच्चों पोषण पुर्नवास केन्द्रों में उपचार दिलाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्रों में उपलब्ध बेड के अनुसार कुपोषित बच्चों को क्रमबध्द तरीके से भर्ती कर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए है । उन्होंने कहा कि देखने मे आया है कि पोषण पुर्नवास केन्द्रों में बेड रिक्त रहते है । महिला बाल विकास विभाग का दायित्व है कि कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुर्नवास केन्द्रों में उपचार दिलाना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए है कि परियोजना स्तर पर समीक्षा कर बच्चों की सूची तैयार कराकर उन्हें क्रमबध्द तरीके से उपचार दिलाना सुनिश्चित करें ।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में बंजारा नायक समाज ने मनाया रंग पंचमी उत्सव



**अमरकंटक ।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में बंजारा नायक समाज ने प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन मास के पावन अवसर पर होली उत्सव के तारतम्य रंगोत्सव के रंग पंचमी उत्सव भारी उत्साह उमंग उल्लास पूर्ण वातावरण में वार्ड 15 जमुना दादर पावन सलिला गायत्री नदी के तट पर हजारों की तादाद में आए बंजारा समाज के महिला पुरुष युवक युवती की उपस्थिति में मनाया गया रंग पंचमी के पावन अवसर पर बंजारा नायक समाज द्वारा होलिका दहन करते हुए मां नर्मदा एवं मां नर्मदा भक्त रेवा नायक का पूजन अर्चन अभिषेक चुनरी अर्पित कर तथा सेंटर एवं नायक को पगड़ी अर्पित कर रंग गुलाल लगाकर उत्साह के साथ मनाया। बंजारा नायक समाज द्वारा प्रातः 11: बजे मां नर्मदा को कड़ाही भोग चढ़ाया गया तत्पश्चात 11:30 बजे संतरेवा नायक को समाज का प्रतीक पगड़ी अर्पित किया गया इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया रंग पंचमी का रंगारंग कार्यक्रम में बंजारा नायक समाज के संत धर्मगुरु भागवत नायक छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए सभी को मिलजुल कर रहने की अपील की तथा कहा कि हमारा भी समझ में रहने के कारण नैतिक सामाजिक दायित्व है उसके अनुसार कार्य करें हमारे संत रेवा नायक ने यह शिक्षा दी है इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के विधायक फुंदे लाल सिंह मार्को के छोटे पुत्र अमितेश सिंह मार्को तथा जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता संतोष पांडे अमरकंटक नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह उईके पार्षद श्रीमती विमला दुबे श्रीमती उषा सिंह पार्षद श्रीमती सावित्री सिंह विशिष्ट अतीत के रूप में उपस्थित होकर शामिल हुए । रंगो उत्सव रंग पंचमी के पावन अवसर पर बंजारा नायक समाज के महिला पुरुष युवक युवती हजारों की तादाद में रैली के रूप में पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल नगाड़ा की थाप पर नाचते गाते थिरकते रंग गुलाल उड़ाते नर्मदा मंदिर तक आए लगभग 1 घंटे तक उन्होंने अपना पारंपरिक गीत एवं ढोल नगाड़ा बजाते एक दूसरे को बधाई देते रहे शायंकाल समाज के लोगों का विशाल भंडारा कराया गया । बंजारा नायक समाज के रंग पंचमी उत्सव के आकर्षक भव्य समारोह में तारु नायक, सुदामा नायक फते सिंह नायक ईश्वर नायक गया सिंह नायक घनश्याम नायक रामदयाल नायक मंगल नायक महिपाल सिंह पारस नायक नीरज नायक बाबूलाल नायक भारत नायक रोहिणी नायक मन्ना नायक भोला नायक संपत नायक तनवा नायक सियाराम नायक राधे नायक प्रकाश नायक लक्ष्मण नायक सोन सिंह बलराम नायक राजकुमार नायक मंडोर नायक सोजी नायक, शोभा नायक आशु राम नायक करण सिंह बंजारा महेश सिंह बंजारा श्यामलाल सिंह बंजारा गणपत नायक अंगूर पटेल मथुरा सिंह पवार लक्ष्मण सिंह अमन सिंह बेला सिंह नायक आदि भारी संख्या में नायक बंजारा समाज उत्साह उमंग के साथ शामिल हुए । अंत में बंजारा नायक समाज के लोगों ने शपथ ली की समाज के उत्थान विकास के लिए हर संभव सहयोग मदद जब जहां भी आवश्यकता होगी करेंगे तथा पवित्र नगरी अमरकंटक में संत रेवा नायक के नाम से बंजारा नायक समाज का भवन शीघ्र ही बनाया जाएगा

## भालूमाड़ा पुलिस ने अवैध रेत के विरुद्ध की कार्यवाही



**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना मिलने पर 18 मार्च को सुबह 6.30 बजे ग्राम धनगवाँ में घेराबंदी कर एक नीले रंग का ट्रेक्टर मय ट्रूली के इंडो फार्म कम्पनी जिसका नम्बर MP 65 AA 0273 मय ट्राली के आते दिखा जिसे रोक कर चेक किया गया जो ट्रेक्टर ट्राली में जिसमें 3 घन मीटर रेत अवैध खनिज बिना रायल्टी टीपी के लोड कर परिवहन करते पाया गया ट्रेक्टर चालक प्रदीप कोल पिता कमलेश कोल उम्र 21 वर्ष निवासी धनगवां चौकी फुनगा थाना भालूमाड़ा जिला अनूपपुर से उक्त लोड रेत के संबंध में पूछने पर ट्रेक्टर मालिक पंकज पटेल पिता स्व. अनिल प्रसाद पटेल निवासी धनगवां चौकी फुनगा थाना भालूमाड़ा के कहने पर कठना नदी से रेत चोरी कर घनगवां में बिक्री करने हेतु ले जाना बताया जो ट्रेक्टर मय ट्राली व चोरी का रेता करीबन 3 घनमीटर कीमती 5000/- रूपये व ट्रेक्टर मय ट्राली कीमत 600000/- कुल कीमती 605000 रुपये को आरोपी चालक के कब्जे से जप्त कर चौकी फुनगा में सुरक्षार्थ खडा कराया गया व अपराध क्रमांक 118/2025 धारा 303(2), 317 (5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधि. एवं धारा 130/177 (3), 3/181, 5/180 एमव्ही एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### देवरी में घेराबंदी कर किया रेड कार्यवाही

रात्रि करीबन 11.30 बजे मुखबिर की सूचना पर सरईहा देवरी के बीच ग्राम देवरी में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जो एक नीले रंग का बिना नम्बर के स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर मय ट्रली के आते दिखा जिसे रोड कर ट्रेक्टर ट्राली चेक किया गया तो ट्राली में 03 घन मीटर रेत लोड मिला ट्रेक्टर ड्राईवर शुभम शुक्ला पिता राधेश्याम शुक्ला उम्र 23 वर्ष निवासी देवगवां थाना भालूमाड़ा जिला अनूपपुर से ट्रेक्टर एवं ट्राली में लोड रेत के संबंध में पूछने पर चालक द्वारा ट्रेक्टर मालिक ओमकार मिश्रा निवासी साखी थाना जैतपुर जिला शहडोल के कहने पर गोडारु नदी से बिना टीपी के रेत चोरी कर देवरी में बिक्री करने हेतु ले जाना पाये जाने से आरोपी चालक के कब्जे ट्रेक्टर मय ट्राली व चोरी का रेता लोड करीबन 3 घनमीटर कीमती 5000/- रूपये व ट्रेक्टर मय ट्राली कीमत 700000/- कुल कीमती 705000/- का जप्त कर चौकी फुनगा परिसर में खडा किया गया है जिस पर आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्र. 119/2025 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधि, एवं धारा 130/177(3), 3/181, एमव्ही एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जमुना दादर में होली मिलन समारोह

अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक के सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना दादर में फाल्गुन मास के बसंतोत्सव पावन अवसर रंगों का पर्व होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह विद्यालय परिसर में भरपूर आनंद उत्साह उमंग के साथ मनाया गया इस अवसर पर पवित्र नगरी के गीता स्वाध्याय मंदिर के प्रमुख संत नर्मदानंद जी महाराज मुख्य अतिथि धारकुंडी आश्रम के लवलीन महाराज कल्पतरु चित्रकूट धाम के अखिलेश्वरानंद जी महाराज झूलेलाल मंदिर के राजेश आजाद रंगोत्सव मिलन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति एवं शामिल हुए । होली मिलन समारोह में विद्यालय परिसर में उपस्थित लोगों ने परस्पर



एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी तथा फाल्गुन मास का मुख्य गायन गाजे बाजे के साथ फगुआ का मनोहारी गायन वादन हुआ सभी उपस्थित जन जमकर फगुआ के धुन में ठुमकते नाचते गाते होली मिलन का जमकर लुत्फ़ उठाया। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजकिशोर शर्मा एवं आचार्यगण सभी आगंतुक उपस्थित जनों का आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया। होली मिलन समारोह के अवसर पर सभी को जलपान कराया गया। सरस्वती शिशु विद्यालय के होली मिलन समारोह में व्यवस्थापक योगेंश दुबे अध्यक्ष योगेंद्र सिंह परिहार कोषाध्यक्ष अनिल कुर्मी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष अंबिका तिवारी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रामगोपाल द्विवेदी पत्रकार धनंजय तिवारी श्रवण उपाध्याय डॉ संतोष तिवारी रोहित लाल त्रिपाठी लखन द्विवेदी कोदूलाल श्रीवास भारत चंद्रवंशी शिव प्रसाद त्रिपाठी लखन महाराज राममिलन सिंह राममिलन परस्ते विक्की द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से होली मिलन समारोह में उपस्थित होकर शामिल हुए उक्त कार्यक्रम लगभग तीन घंटे तक अनवरत चलता रहा।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग के तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**कोतमा।** कोतमा पुलिस ने वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के आसपास रहने वाले तीन संदिग्ध लोगों को शांति भंग करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए मंगलवार को तहसील न्यायालय में पेश किया गया है। सूरज चौधरी 23 वर्ष, सुकुरु उर्फ राकेश चौधरी 36 वर्ष एवं कन्हैया अहिरवार उर्फ कान्हा सभी निवासी वार्ड क्रमांक 4 जो सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करते हुए आने जाने वाले लोगों को मारने पीटने पर उतारू थे साथ ही अभद्रता कर रहे थे। शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### जुआ खेलते 5 पकड़ाए, 870 रूपए किये जब्त

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बुधनवारा मैं रंगमंच के पास बगीचा में आम के पेड़ के नीचे बैठकर ताश पत्तों पर पांच लोग रुपए पैसों पर हार जीत का दाव लगा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी एवं जुआरियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवकों के पास से ताश पत्तों सहित 870 रुपए जप्त करते हुए पुलिस ने 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है। आरोपियों में रामसुजान लोधी,अर्जुन रजक, जयकुमार पटेल, मानसिंह गौड़, निवासी नयागांव के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव अवलोकन हेतु उपलब्ध

**कटनी।** जिला पंजीयक पंकज कोरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु गाइड लाइन दरों को निर्धारित किये जाने हेतु जिला मूल्यांकन समिति कटनी की बैठक कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में 17 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों को जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष अवलोकन, परीक्षण एवं चर्चा उपरान्त उचित निर्णय हेतु रखा गया। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार समिति द्वारा पारित प्रस्ताव जनसामान्य के अवलोकन एवं सुझाव हेतु जिले के पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध है।

### नर्मदा कलश यात्रा के लिए कटनी पहुंचने पर किया गया स्वागत

**कटनी।** राज्य सरकार से कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवीकरण साहू का मंगलवार को अल्प प्रवास पर कटनी आगमन हुआ। इस अवसर पर ग्राम बडेरा में समर्थक एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जानकारी के मुताबिक रवि करण साहू के नेतृत्व में 108 देशों की मां नर्मदा कलश यात्रा के कटनी से नेपाल के लिए रवाना हुए। ग्राम बडेरा में उनका स्वागत सामाजिक बंधुओ एवं ग्राम वासियों ने किया एवं आगे की सफल नेपाल यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मंत्री जी मां नर्मदा का पवित्र जल 108 देशों में स्थित मंदिरों में अर्पित करेंगे। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री रामू साहू ,जिला विश्व हिंदू परिषद के जिला के उपाध्यक्ष लखन साहू अशोक साहू तहसील श्रीराम साहू कीर्तन साहू आदर्श अरुण साहू मनोज शुभम साहू दीपक साहू जिला सिंह अमर सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखन साहू आदि की उपस्थिति रही है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन कल तक

**कटनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने जानकारी देकर बताया है कि एम.पी.टास पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पो. मै. छात्रवृत्ति शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदनों हेतु पोर्टल पुनः ओपेन किया गया है। आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल द्वारा एम.पी.टास. पोर्टल एवं एन.आई.सी पोर्टल 2.0 पर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नवीन, नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गयी है। उन्होंने समस्त प्राचार्य शासकीय, अशासकीय एवं नोडल संस्थाओं को सूचित किया है कि उक्त के संबंध में तत्काल छात्रों को सूचित कर समय सीमा में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।



## पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त व बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को तनाव से मुक्त एवं बेहतर स्वास्थ्य हेतु प्रोग्राम तैयार किया गया है। ध्यान तथा उसके लाभों के विषय में जागरूकता हेतु हार्टफुलनेस संस्थान रामचन्द्र मिने पूरे विश्व में कार्यरत है, हार्टफुलनेस संस्थान के माध्यम से पुलिस बल में कार्य की अधिकता, तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने की अपरिहार्यता, समाज के नकारात्मक तत्वों से जूझने की चुनौती ,स्वयं को सेवा के प्रति तत्पर एवं सतर्क रखने की आवश्यकता, नौकरी एवं परिवार की आवश्ययकता में संतुलन, बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पालन-पोषण की व्यवस्था स्वयं के स्वास्थ्य की प्रति जागरूकता, उत्तम व्यवहार, संवाद-कौशल, जैसी अपेक्षाओं के चलते मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मसंबल, आंतरिक उर्जा प्रसन्नता तथा तनावमुक्त बनाये रखने हेतु प्रशिक्षण एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ध्यान से चेतना का विकास, शांति एवं संतोष तथा आंतरिक प्रसन्नता के स्तर में वृद्धि होने के साथ-साथ संवाद, एकाग्रता एवं निर्णय की क्षमता भी बेहतर होती है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में युवाओं को मिलेगा कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर

*5 हजार रूपए स्टाइपेंड के साथ मिलेगी 6 हजार रूपए की राशि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के युवाओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगार परक बनाना है तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है, जिससे उन्हें व्यवहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। इसके लिए आवेदन किए जानें की अंतिम तिथि 12 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए यह है पात्रता

इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए 10वीं पास वह युवा आवेदन कर सकते हैं जो किसी पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करने वाले युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। जिन उम्मीदवारों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है, वे इस इंटर्नशिप के लिए पात्र नहीं हैं। यदि परिवार का कोई सदस्य स्थायी सरकारी सेवा में है, तो ऐसे परिवार का कोई भी युवा पात्र नहीं है।

इस योजना में आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट pminternship.mca.gov.in पर जाएं। दूसरे चरण में होम पेज पर दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। तीसरे चरण में अपना मोबाइल नंबर डालकर रजिस्टर करें। चौथे चरण में उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। पांचवें चरण में आवेदन पत्र की जांच कर उसे सबमिट करें और अंत में भविष्य के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लें। युवा योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800116090 और पंजीयन में सहायता के लिये निकटतम शासकीय इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक या आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं। पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के तहत अभ्यर्थी को 5,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को 6,000 रुपये की एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह की होगी।

## पलाश के पेड़ों में फूलों ने बढ़ाई वातावरण की सुंदरता



पलाश के पेड़ो में लदे टेसू के फूलों ने जंगलों की खूबसूरती से लेकर सड़कों की रौनक बढ़ा दी है। उमरियापान क्षेत्र में भनपुरा- कारीपाथर से मढ़ाना तक सड़क किनारे लगे टेशू के फूल अपनी चमक बिखेरे हुए है ।जिससे वातावरण की सुंदरता और अधिक बढ़ गई है। सड़क किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर आये फूल सड़क की शोभा बढ़ा रहे है ।ये फूल इस मार्ग से चलने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। राहगीर वाहनों को रोककर मोबाइल के केमरे पर फोटो लेकर शोशल मीडिया पर वायरल भी कर रहे है। दरअसल टेसू के फूल अत्यंत आकर्षक होते हैं। आकर्षक फूलों के कारण इसे जंगल की आग की संज्ञा से भी अभिहित किया गया है ।यह फूल होली के समय तक ही पेड़ पर खिलता है, क्योंकि तब तक गर्मी आ जाती हैं। टेसू के फूल अत्यंत सुंदर होने के बावजूद गंधहीन होते हैं ।इस कारण इन फूलों से होली के रंग बनाए जाते है। पलाश के फूल, पत्ते और लकड़ी से दवाइयां बनाई जाती हैं जो स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होती है।

## पात्र हितग्राहियों को मिले आवास योजना का लाभ, घर घर पहुँचकर हो रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आगामी पांच वर्षों (2024-25 से 2028-29) में पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक घर घर जाकर पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें आवास प्लस सूची में शामिल कर रहे है।अभी 12 दिन का समय शेष बचा है, सर्वे कार्य पूर्ण करना है, इसलिए पंचायत सचिव और रोजगार सर्वे कार्य में व्यस्त है। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार



सहायक आवास प्लस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे हैं। सेक्टर सुपरवाइजर सत्यापन का कार्य करने में जुटे हैं।

यदि किसी पात्र परिवार का नाम सूची से छूट जाता है तो वह संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे निःशुल्क करवा सकता है। केंद्र सरकार ने 31 मार्च को अंतिम तिथि निर्धारित की है। इसके बाद किसी भी परिवार का सर्वे संभव नहीं होगा और न ही कोई दावा-आपत्ति स्वीकार की जाएगी। पात्र हितग्राही स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते हैं।इसके लिए आवास प्लस एप्लिकेशन डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी भरनी होगी।

## सोने की मोहरों के लालच में 5 लाख की लगी चपत, नकली निकली मोहरें

*रीवा जिले के दो लोगों के साथ की गई ठगी, अब भटक रहे पीड़ित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लालच बुरी बला, यह कहावत दो युवकों पर उस समय सही साबित हो गई जब सोने की मोहरों के चक्कर में पांच लाख रूपए भी गवां दिये और मोहरे भी जांच में नकली पाई गई। सोने की मोहरो के लालच में ठगी की दूसरी घटना हुई जब रीवा जिले के दो व्यक्ति ठगी का शिकार हो गए। इससे पहले राजस्थान से कटनी पहुंचे लोगों के साथ भी ठगी की घटना हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के दो युवकों को सोने की मोहर आधे दाम पर देने का लालच देकर ठगों ने पहले उन्हें अपने जाल में फंसाया और कटनी बुलाया। उसके बाद बाईपास से जंगल की तरफ ले जाकर उन्हें कपड़े में लिपटे लगभग आधा पाव सोने की मोहरी दी और 5 लाख लेकर चंपत हो गए। ठगी का शिकार होने की जानकारी युवकों को तब लगी जब उन्होंने मिली मोहरों को रीवा में जाकर चेक कराया तो मोहरें नकली निकली। लुटे पिटे दोनों युवक कुठला थाने पहुंचे, लेकिन वहां पर मौजूद स्टाफ ने उन्हें चलता कर दिया।

ठगी का शिकार दोनों युवकों का कहना है कि 16 मार्च की शाम वे कटनी पहुंचे और बाईपास पर उनकी मुलाकात ठगो से हुई। जिसके बाद वे लोग कुछ दूर जंगल की तरफ पन्ना रोड में गए और वहां पर उन्होंने ठगों को 5 लाख रुपए दिया और सोने की मोहरों वाली पोटली लेकर वापस रीवा लौट गए। रीवा में जब उन्होंने सोने की मोहरों की जांच कराई तो सारी मोहरें नकली निकली।

पीड़ित युवकों ने कहा कि ठगी का शिकार होने के बाद वे लोग घटना की शिकायत लेकर पहले तो रीवा जिले के गढ़ थाने गए, लेकिन वहां पर पुलिस ने यह कहते हुए उन्हें कटनी भेज दिया कि आपके साथ ठगी कटनी जिले में हुई है इसलिए घटना की रिपोर्ट भी कटनी में ही लिखी जाएगी। कुठ थाने शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित युवकों की शिकायत लिखने के बजाय कुठला पुलिस ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि गलती तुम्हारी है। शुक्र मनाओ कि तुम दोनों बच गए। तुम्हारी बातचीत रीवा से हो रही थी। इसलिए एफआईआर भी वही लिखी जाएगी। आपको यह भी बता दें कि ठगी का शिकार हुए युवक ठगों से लगातार मोबाइल के माध्यम से संपर्क कर रहे थे। उन्होंने पुलिस को उन नंबरों की जानकारी भी दी जिनके जरिए वे ठगो से बातचीत कर रहे थे, लेकिन उसके बावजूद पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई।

### कराई जाएगी जांच

इस मामले को लेकर बातचीत करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का डॉक्टर संतोष डेहरिया ने कहा कि मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है थाना प्रभारी से बात कर जानकारी ली जाएगी और जो भी यथोचित कार्यवाही है कराई जाएगी।

## कन्या महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन

## साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाएं सुरक्षा एवं अर्थव्यवस्था के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में "साइबर सुरक्षा" पर एक प्रेरणाप्रद व्याख्यान तथा वीडियो प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जो प्रतिमाह आयोजित होने वाले शैक्षिक और जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक अभिन्न अंग बन चुकी है। डिजिटल युग में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाएं, जैसे डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, और साइबर हमले, देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं। प्राचार्य ने छात्राओं को इस दिशा में जागरूक और सतर्क रहने की सलाह दी, ताकि वे स्वयं को और अपने आसपास के लोगों को सुरक्षित रख सकें।इस



कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल युग की चुनौतियों से अवगत कराना और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. साधना जैन ने अपने संबोधन में साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों और जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि आज के समय में साइबर अपराधी अत्यंत चालाकी से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। फिशिंग ईमेल, फर्जी वेबसाइट्स, और सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाएं इसके कुछ उदाहरण हैं। डॉ. जैन ने छात्राओं को पासवर्ड सुरक्षा, संदिग्ध लिंक से बचने, और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा न करने जैसे बुनियादी उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक का उपयोग एक वरदान है, लेकिन इसके दुरुपयोग से बचने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री भीम बर्मन द्वारा प्रस्तुत साइबर सुरक्षा पर आधारित वीडियो डॉक्यूमेंट्री थी। इस वीडियो में साइबर अपराधों के विभिन्न रूपों, जैसे हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, और पहचान की चोरी, को दृश्यात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। वीडियो में यह भी दिखाया गया कि साइबर अपराधी किस तरह लोगों की लापरवाही का फायदा उठाते हैं और कैसे छोटी-छोटी सावधानियां इन खतरों से बचाव कर सकती हैं। छात्राओं ने इस वीडियो को बड़े ध्यान से देखा और इसके बाद अपनी जिज्ञासाओं और सवालों को सामने रखा। महाविद्यालय के प्राध्यापकों की भूमिका इस कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के प्राध्यापकों की सक्रिय भागीदारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. विमला मिंज, डॉ. किरण खरादी, बंदना मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. के.जी. सिंह, प्रेमलाल कॉवरे, श्रीमती प्रियंका सोनी, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, श्रीमती सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. वंदना चौहान, डॉ. मैत्रयी शुक्ला, श्रीमती आरती वर्मा , डॉ. अनिका वालिया इत्यादि प्राध्यापकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। इन शिक्षकों ने न केवल कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।



## चाका में कम्प्रेशर टंकी में हुआ ब्लास्ट, दो कर्मचारी हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत चाका में मंगलवार को एक कम्प्रेशर टंकी ब्लास्ट हो गई। ब्लास्ट की आवाज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस हादसे में दो व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई है। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर में चाका स्थित कमानी दुकान में यह हादसा हुआ। सूत्रों की माने तो कम्प्रेशर टंकी में ज्यादा हवा भर जाने की वजह से यह हादसा हुआ। ब्लास्ट की वजह से कुछ दुकानों की सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकजुट हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में एक सैकड़ा लोगों ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित तहसील ,विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों के साथ जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में 101 आवेदनों पत्रों पर सुनवाई की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम पटौंहा निवासी राजेन्द्र प्रसाद राय ने कलेक्टर श्री यादव के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके द्वारा अपनी निजी भूमि पर कौहा अर्जुन प्रजाति के वृक्ष लगाये गए थे। वृक्षों को काटनें हेतु ग्राम सभा से प्रस्ताव अनुमोदित होने के पश्चात भी पटवारी द्वारा एक वर्ष से वृक्षों का सत्यापन नहीं किये जानें की जानकारी दिये जानें पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा तहसीलदार रीठी की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रकरण में समय-सीमा में कार्यवाही करानें हेतु निर्देशित किया गया।

### अवैध कब्जा पर करें कार्यवाही

तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम पड़वई निवासी नारायण प्रसाद यादव नें उनके दादा के द्वारा क्रय की गई भूमि पर मिथलेश कुमार यादव द्वारा दादा के मकान में जोर जबरदस्ती कर कब्जा करते हुए ताला लगाकर मकान बेचने के प्रयास किये जाने की जानकारी दी गई।

## जिला कांग्रेस कमेटी कल से करेगी अनिश्चितकालीन अनशन

# मंथर गति से चल रहे फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण पर फिर मुखर हुये नगरवासी

### इधर मौके पर पहुंचकर ब्रिज निर्माण का कलेक्टर ने स्वयं लिया जायजा

### कार्यों की गति बढ़ाने तथा समय-सीमा मे कार्य पूर्ण पर दिया जोर

अनूपपुर जिला मुख्यालय के साथ-साथ रेल्वे का महत्वपूर्ण जंक्शन है। जनता की मांग के अनुरूप लंबे जद्दोजहद के बाद राज्य सरकार एवं केन्द्रीय रेल मंत्रालय ने बीके 61 में रेलवे फ्लाई ओव्हर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया था, किन्तु मंथर गति से चल रहे निर्मण कार्य अभी तक पूर्ण नही हो सका है, जबकि बीते 31 जुलाई को कलेक्टर ने निर्माण से संबंधित अधिकारियों व फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक मे रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य की गति में तेजी लाने के साथ ही रेलवे ठेकेदार को निर्धारित अवधि 30 जून 2025 तो सेतु निगम को 1 जनवरी 2025 तक समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया था बावजूद इसके अभी तक निर्धारित निर्माण कार्य तक स्थिति नहीं पहुंच पाई है जिससे खफा प्रभावितजनों ने कांग्रेस के बैनर तले 21 मार्च से एक बार फिर अनिश्चितकालीन हडताल की चेतावनी दी है। हालांकि बुधवार को कलेक्टर हर्षल पंचोली आरओबी के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का मौके पर जाकर निरीक्षण कर जायजा लिया तथा समय-सीमा मे कार्य पूर्णता पर बल दिया।





हरिभूमि
रेलवे फ्लाई ओव्हर ब्रिज की धीमी रफ्तार ने चौपट किया बाजार



अनूपपुर

जिला मुख्यालय की सबसे बड़ी समस्या फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण का कार्य लगातार लेट लतीफी का शिकार होता जा रहा है। बीते लगभग 5 वर्षो से इसका निर्माण कार्य जारी है। जिस गति से यह कार्य चल रहा है, उससे लगता है कि इस कार्य को पूर्ण होने में कम से कम साल 2025 जरूर बीत जायेगा। जबकि 31 जुलाई 2024 को तत्कालीन कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण संबंधी आयोजित बैठक मे कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ सुरक्षा मानक का विशेष ध्यान रखने की बात कही थी। ज्ञात हो कि फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण की धीमी रफ्तार से परेशान होकर नागरिकों ने जिला फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण संघर्ष समिति बनाकर 1 अगस्त को बाजार बंद करते हुये तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था जिसके बाद निर्माण कार्य मे तेजी आई, लेकिन बीतते समय के साथ साथ कार्य की गति धीमी होती गई।



### रेल ठेकेदार को 30 जून तो सेतु निगम को 1 जनवरी तक करना था काम पूरा

निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य के संबंध में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बीते 10 अक्टूबर को रेलवे तथा सेतु निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा करते हुए वस्तुस्थिति की जानकारी ली थी। बैठक में कलेक्टर ने निर्माणाधीन रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के कार्यों को पूर्ण करने के लिए रेलवे ठेकेदार को निर्धारित अवधि 30 जून 2025 तक व सेतु निगम को 01 जनवरी 2025 तक की समय-सीमा में कार्य पूर्णता के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने चेताया था कि फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी वही निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर नाराजगी जाहिर करते हुए रेलवे एवं सेतु निगम के ठेकेदारों को पब्लिक न्यूसेन्स के तहत धारा 133 का नोटिस एसडीएम को जारी करने के भी निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने कहा था कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित हो। कार्य में लापरवाही व शिथिलता होने पर जुर्माने की कार्यवाही की जाए।

### कांग्रेस पार्टी कल से करेगी अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन

कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि अनूपपुर जिला कांग्रेस कमेटी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में लेट लतीफी को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन करेगी क्योंकि दो दशक से बहुप्रतीक्षित रेल्वे फ्लाईओवर निर्माण का कार्य प्रारंभ है। उक्त फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के चलते अनूपपुर शहर दो भागों में विभाजित हो गया है। जिससे बाजार व लाइन पार का संपर्क टूट सा गया है। जिसके कारण दोनों ओर के व्यापारियों के व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लाइन पार जिला चिकित्सालय, जिला न्यायालय, तहसील कार्यालय तथा महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों के कारण नागरिकों सहित दूर दराज से आने जाने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने की आवश्यकता है, वही जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने कहा कि समिति तथा नागरिक समाज द्वारा बार-बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन, आवेदन तथा अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया किंतु आज तक कोई सकारात्मक पहल जिला प्रशासन व जन प्रतिनिधियों द्वारा नहीं की जा रही है। उपरोक्त परिस्थितियों के मद्देनजर जिला फ्लाई ओवर संघर्ष समिति, नागरिक समाज, समाज सेवी संस्थान, ऑटो रिक्शा चालक व किसान मजदूरो के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी अपने पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ 21 मार्च की सुबह 10 बजे से पुलिस थाना अनूपपुर के समक्ष अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन प्रारंभ करेगी।

### रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला मुख्यालय स्थित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का मौके पर जाकर निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, अधीक्षण यंत्री विद्युत गोस्वामी, तहसीलदार अनुपम पाण्डेय, नायब तहसीलदार मंगलदास चक्रवर्ती सहित रेलवे, सेतु निगम के अधिकारी एवं संविदाकार उपस्थित थे। रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने जनहित में कार्यों की गति बढ़ाकर कार्यों की पूर्णता के संबंध में अधिकारियों को समय-सीमा सुनिश्चित करते हुए कार्यों की पूर्णता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में कहीं कोई कमी नही हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने आरओबी कार्य स्थल के कार्यों का जायजा लेते हुए ऊर्जा विभाग, सेतु निगम, रेलवे के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि आरओबी कार्य के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा अण्डरग्राउण्ड वायरिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एक दिवस के अन्दर केबल ज्वाईंटिंग एवं चार्जिंग कार्य कर लिया जाएगा। जिस पर कलेक्टर ने अनावश्यक विद्युत पोल एवं लाईन को हटाए जाने तथा गटर लांचिंग संबंधी कार्य को प्रारंभ करने के संबंध में रेलवे विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मौके पर अधिकारियों को कहा कि वह समय-समय पर स्वयं कार्य की मॉनीटरिंग मौके पर आकर करेंगे। उन्होंने मौके पर रेलवे लाईन क्रासिंग में ट्रेनों की आवाजाही के दौरान लोगों के द्वारा रेलवे लाईन क्रास किए जाने पर आपत्ति जताते हुए एसडीएम को कोटवारों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनहित की सुरक्षा के लिए अन्य प्रबंध भी सुनिश्चित करने अमले को निर्देश दिए।

### सभी हो रहे परेशान

ज्ञात हो कि बीते पांच वर्षों से जिला मुख्यालय में चल रहे फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य के चलते रेलवे फाटक को बंद कर दिए जाने की वजह से नगर वासियों को बाजार सहित कोतवाली, नगर पालिका, बिजली विभाग, पीएचई, चिकित्सालय, न्यायालय, महाविद्यालय जाने के लिए अंडर ब्रिज मार्ग से होकर कई किलोमीटर घूम कर जाना पडता है। पैदल एवं साइकिल से जाने वाले लोग तो अभी भी इसी मार्ग का उपयोग कर आना-जाना करते हैं, वहीं बाइक सवार सहित अन्य लोगों को शहर के चक्कर काटने पडते हैं। दूसरी ओर जिला एवं जंक्शन मुख्यालय होने की वजह से यहां बड़ी संख्या में नागरिको का आवागमन होता है।

# चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और मजबूत बनाने राजनीतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

अनूपपुर।




जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय ने की। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता, मतदाता सूची के अद्यतन, निर्वाचन व्यय की समीक्षा और निष्पक्ष चुनाव कराने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के संजय निगम सहित अन्य संबंधित जन उपस्थित थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मतदाता सूची त्रुटिरहित हो और हर पात्र मतदाता का नाम उसमें शामिल किया जाए। इसके लिए राजनीतिक दलों को अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) और बीएलओ के साथ नियमित संपर्क बनाए रखना चाहिए ताकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधारने की प्रक्रिया में कोई त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल अपने बीएलओ के माध्यम से अधिकतम 10 आवेदन एक बार में जमा कर सकता है। बैठक में मतदान केन्द्रों पर चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि जिले में विधानसभा 86-कोतमा में 202, 87-अनूपपुर में 224 एवं 88-पुष्पराजगढ़ में 273 मतदान केन्द्र स्थापित हैं, जिन पर बीएलओ नियुक्त हैं। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने 86-कोतमा के ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत ग्राम बसखला के मतदाता ग्राम मनमारी में एवं ग्राम मनमारी के मतदाता ग्राम ठोड़हा में मतदान करते हैं की समस्या से अवगत कराया गया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 87-अनूपपुर के मतदान केन्द्र कुसुमहाई एवं बेला के मतदाताओं के नाम कुसुमहाई में जुड़े हैं जिससे ग्राम बेला के मतदाताओं को पृथक करते हुए नया मतदान केन्द्र स्थापित करने के संबंध में प्रस्ताव दिया गया। इसी तरह 87-अनूपपुर के मतदान केन्द्र ग्राम पंचायत धनगवां पूर्वी के ग्राम दर्रीटोला जहां के मतदाताओं की संख्या 700 है जिन्हें मतदान करने के लिए 4 किलोमीटर की दूरी तय करके मतदान केन्द्र धनगवां जाना पड़ता है, जबकि ग्राम दर्रीटोला में मतदान केन्द्र स्थापित है, जिसका मतदान केन्द्र क्रमांक 210 है, जहां दर्रीटोला के मतदाताओं को मतदान की सुविधा प्रदान की जाए। इसी तरह 87-अनूपपुर के मतदान केन्द्र पड़रिया के ग्राम सख्तीटोला के लगभग 400 मतदाताओं को मतदान करने हेतु पड़रिया आना पड़ता है, जिसके संबंध में मांग की गई कि पड़रिया एवं सख्तीटोला में अलग-अलग मतदान केन्द्र स्थापित किए जांए। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों के संबंध में निर्धारित मापदण्डों का सक्षम अधिकारी से जांच कराया जाकर यथासमय कार्यवाही कराए जाने की बात कही गई। बैठक में जीर्ण-शीर्ण मतदान केन्द्रों को नवीन भवनों में शिफ्ट कराए जाने, जिले के बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के दौरान मतदान केन्द्र स्तर पर राजैनतिक दलों के बीएलए को परिवर्धन, संशोधन एवं निरसन की जानकारी देने, मतदाता सूची का प्रकाशन ब्लैक एण्ड व्हाईट के स्थान पर कलर्ड प्रकाशित किए जाने, वोटर आईडी में मोबाइल नम्बर लिंक किए जाने, वोटर आईडी समय पर प्रदाय करने संबंधी सुझाव राजैनतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली अव्यवस्था को लेकर 24 मार्च से भूख हड़ताल

कोतमा

आदिवासी बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र के एकलौता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली व्यवस्था को लेकर नागरिकों ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी को पत्र सौप कर अवगत कराया है कि 25 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली व्यवस्था को लेकर व्यवस्था सुधारने के लिए ज्ञापन सोपा गया था किंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली व्यवस्था तो नहीं सुधरी किंतु मरिज पहले से भी और ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं जिसको लेकर पत्र में हस्ताक्षर करने वालों ने मांग की है कि अगर 24 मार्च तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो रैली निकालकर भूख हड़ताल पर बैठ जाएगा। पत्र में अवगत कराया गया है कि रैली वार्ड क्रमांक 10 पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन से इसलामगंज,रेलवे अंडर ब्रिज, गहरवार प्रेस रोड, गांधी चौक, मुखर्जी चौक, बस स्टैंड से रैली निकालते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के सामने भूख हड़ताल पर बैठ जाएगा। जिसमे जिसमें पूर्व पार्षद देवशरण, सिंह, आम आदमी पार्टी के जिला सचिव दीपक कुमार पटेल, राम विश्वकर्मा, संतोष गुप्ता, भूरा सिंह, धर्मचंद जैन, संतोष गुप्ता, पवन साहू व अन्य वार्डवासी, नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## अज्ञात कारणों से युवक तथा फांसी लगाने से महिला की मौत

अनूपपुर

जिला चिकित्सालय अनूपपुर में अज्ञात कारणों से युवक की मौत हो गई वही अनूपपुर नगर में महिला की घर में फांसी लगाने से मौत की घटना पर दोनों मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार भालूमाड़ा थाना अंतर्गत परासी गांव निवासी 35 वर्षीय राजेश कुमार पिता स्व. दीनदयाल कुलारा की मंगलवार की रात अचानक अज्ञात कारणों से तबीयत खराब होने पर परिजनों द्वारा जिला अस्पताल अनूपपुर में लाया गया जहां देर रात राजेश की मृत्यु हो गई। दूसरी घटना मंगलवार की रात अनूपपुर नगर के वर्तमान 12 निवासी प्रकाश गोस्वामी की 38 वर्षीय पत्नी अंजना गोस्वामी कि घर के अंदर फांसी लगाने से मौत होने पर घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस देर रात घटना स्थल पर पहुंचकर कार्यवाही की दोनों घटनाओं पर पुलिस के द्वारा परिजनों की उपस्थिति में मृतकों के शवो का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराये जाने की कार्रवाही कराते हुए जांच कर रही है।

# लू से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

अनूपपुर

मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जन-समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचने के लिए एडवायजरी जारी की गई है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टीकोण के अनुसार मार्च से मई माह का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना है। जिस कारण लू की स्थिति निर्मित हो सकती है। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी में जन सामान्य को लू से बचाव हेतु अपनाई जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला गया है। एडवाइजरी के मुताबिक़ पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करने से लू से बचा जा सकता है। इसके साथ ही धूप में निकलते समय सिर ढककर रखना चाहिए। धूप में निकलते समय कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करना चाहिए। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए और शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार सूर्य दाह या सनबर्न होने पर प्रभावित के त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द आदि के लक्षण प्राप्त होने पर उसे बार-बार नहलाना चाहिए। यदि फफोले निकल आएं हो तो स्टरलाइज/ड्रेसिंग करनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए। ताप के कारण शारीरिक ऐठन, पैर एवं पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ और अत्यधिक पसीना आने पर प्रभावित को तत्काल छाँवदार स्थल पर ले जाना चाहिए। शरीर का वह भाग जहां ऐंठन हो रही हो, उसे जोर से दबाना चाहिए और धीरे-धीरे सहलाना चाहिए। लू लगने पर प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाया जा सकता है। इस दौरान प्रभावित को उकबाई आने पर शीतल पेय पिलाना तुरंत बंद कर देना चाहिए और उसे फ़ौरन नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाना चाहिए। इसके अलावा अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव का अनुभव होने की स्थिति में प्रभावित को अत्यधिक पसीना, कमजोरी, सिरदर्द, शरीर ठंडा और पीला पड़ जाने एवं नब्ज कमजोर पड़ जाने, मूर्छित हो जाने और उल्टी जैसे लक्षण प्राप्त होने पर प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडे और गीले कपड़े से स्पंजिंग करना चाहिए। यदि संभव हो तो उसे वातानुकूलित कमरे में ले जाना चाहिए। तापदाह (हीट स्ट्रोक) की स्थिति में अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज या बेहोशी पर तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुँचाना चाहिए और प्रभावित को डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

# पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार

अनूपपुर।

जिला चिकित्सालय अनूपपुर में 2 दिन पूर्व उपचार हेतु भर्ती वृद्धा की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने, खोजबीन पर परिवार की जानकारी ना मिल पाने के कारण पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम अनूपपुर में पूरे हिंदू रीति रिवाज से बृद्धा के शव को दफनाकर अंतिम संस्कार किया। बताया गया कि 70 वर्षीय वृद्धा कलाबती उराव विगत 20 वर्षों से अधिक समय से अनूपपुर जिले के राजनगर में गोपाल पंडाल के पास रहते हुए भिक्षा मांग कर जीवन यापन कर रही थी जिसकी दो दिन पहले अचानक तबीयत खराब होने पर बिजुरी अस्पताल में चिकित्सक द्वारा प्रारंभिक उपचार कर बेहतर उपचार हेतु जिला



चिकित्सालय अनूपपुर रेफर किए जाने पर उपचार चल रहा था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई जिस पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी अनूपपुर एवं रामनगर थाना की पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा के द्वारा मृत वृद्धा के परिजनों का विभिन्न माध्यमों से खोजबीन की किंतु परिवार की जानकारी ना मिल पाने के कारण बुधवार की सुबह दोपहर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम की कार्यवाही कराते हुए जिला अस्पताल पुलिस चौकी आरक्षक कमलेश प्रसाद, डॉ दीपक बघेल, सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, चालक गोपाल राठौर, गोपाल वर्मा, आनंद प्रसाद के द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष अनूपपुर के सौजन्य से जैसीबी के माध्यम से सोननदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम में हिन्दू रीति-रिवाज से दफनाकर अंतिम संस्कार किया गया तथा ईश्वर से मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।

# लाड़ली बहना योजना ने अनीता केवट को बनाया सशक्त और समृद्ध

अनूपपुर।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अनूपपुर जिले के महिलाओं के लिए भी संबल बनी है। योजना के तहत प्रत्येक माह मिलने वाली 1250 रुपये की आर्थिक सहायता राशि से लाडली बहनें सशक्त होने के साथ ही परिवार का मजबूत सहारा साबित हुई हैं। योजना का लाभ प्राप्त कर महिलाओं ने परिवार की मुखिया का रूतबा भी हासिल किया है। अनूपपुर जिले की लाडली बहना अनीता केवट निवासी ग्राम हर्री फुलकोना विकासखण्ड कोतमा प्रतिमाह मिलने वाली राशि से बच्चों की स्कूल फीस जमा कर रही हैं तथा अपने परिवार की छोटी-छोटी जरूरत को खुद से पूरा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि लाडली बहना योजना जैसे जनहितकारी योजना हमारे भैया द्वारा हमें सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए चलाया जा रहा है। जब से इस योजना का लाभ मिलना प्रारंभ हुआ है, तब से हम अपना जीवन और ज्यादा खुशहाली के साथ जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी तरह जिले की अन्य लाडली बहनों को भी योजना का लाभ मिल रहा है।

